**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**18.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3834 का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश में कृषि उपज पर किसान रेल का प्रभाव**

**3834. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) अनंतपुर और नई दिल्ली के बीच किसान रेल सेवा के माध्यम से परिवहन की गई कृषि उपज का ब्यौरा क्या है और सेवा शुरू होने के बाद से परिवहन की गई उपज की मात्रा और फसलों के प्रकार का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;**

**(ख) आन्ध्र प्रदेश के किसानों पर विशेषकर परिवहन लागत में कमी, समय की बचत और अनंतपुर जैसे क्षेत्रों से बागवानी उत्पादों के लिए बढ़ी हुई बाजार पहुंच के संदर्भ में किसान रेल सेवा का क्या प्रभाव पड़ा है;**

**(ग) क्या किसान रेल सेवा के संचालन में विशेषकर लॉजिस्टिक्स, मांग और राज्य तथा केंद्रीय प्राधिकरणों के बीच समन्वय के संबंध में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है; और**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ):** दिनांक 7 अगस्त 2020 को किसान रेल सेवा के शुरू किए जाने के पश्चात रेलवे ने लगभग 2,364 किसान रेल सेवाओं का परिचालन किया है जिनमें जल्दी खराब होने वाली लगभग 7.9 लाख टन वस्तुओं का परिवहन किया गया है। इनमें से 2020-21 में अनंतपुर से दिल्ली (आदर्श नगर) तक 04 सेवाएं और 2021-22 में 01 सेवा परिचालित की गई, जिससे (लगभग) 1,320 टन फल और सब्जियां पहुंचाई गईं।

**किसान रेल से उत्पादन या अधिक उत्पादन वाले क्षेत्रों से उपभोग या कमी वाले क्षेत्रों में उचित समय में फल और सब्जियों सहित खराब होने वाली वस्तुओं की आवाजाही सफल हुई है और कम उपज वाले छोटे किसानों को भी बिना किसी बिचौलिया के अपनी खेप परिवहन करने में मदद मिली है।**

**सब्जियों, फलों और अन्य नश्यवान वस्तुओं की आवाजाही के लिए संभावित रेल सर्किटों की पहचान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और राज्य सरकारों के कृषि/पशुपालन/मत्स्य पालन विभागों के साथ स्थानीय निकायों और एजेंसियों, मंडियों आदि के परामर्श से की जाती है और परिचालनिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए मांग के आधार पर किसान रेल सेवाएं चलाई जाती हैं।**

*********